वीयू – रीवा वेटरनरी कॉलेज का कुलपति ने किया निरीक्षण

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के नवागत कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने दो दिवसीय 13–14 सितंबर 2024, रीवा कॉलेज का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सभी विभागों का निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लिया, माननीय कुलपति महोदय ने सर्वप्रथम वेटरनरी क्लीनिकल कंपलेक्स एवं सभी क्लीनिकल विभागों मेडिसिन सर्जरी, गायनेकोलॉजी एवं रोग निदान का निरीक्षण किया गया एवं साथ ही स्नातकोत्तर अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी ली। कुलपति महोदय ने उपचार संबंधी सुविधाओं व गतिविधियों को पशुपालकों तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया माननीय कुलपति महोदय जी ने सरोजिनी एवं शारदा बालिका छात्रावासों का निरीक्षण कर छात्राओं से वार्तालाप कर वहां की समस्याओं से अवगत होते हुए उनके निराकरण हेतु छात्रावासों के वार्डन एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता महोदय को निर्देशित किया। बालिका छात्रावास भ्रमण के दौरान

माननीय कुलपति जी ने वहां की विद्यार्थियों के साथ दोपहर का भोजन भी किया। अपने भ्रमण के दौरान माननीय कुलपति जी विभिन्न विभागों का भ्रमण कर सभी अध्यापकों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके विभागों में चल रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की, प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. नितेश कुमार ने महाविद्यालय में चल रही विभिन्न गतिविधियों शैक्षणिक, शोध संबंधी जानकारी ली उन्होंने तथा रिसर्च प्रोजेक्ट के संबंध में कुलपति महोदय जी को विस्तृत रूप चर्चा की। दिनांक 14 2024 को कुलपति जी ने पशुधन प्रक्षेत्र में स्थित विभिन्न इकाइयों जैसे बकरी पालन, मुर्गी पालन, शुकर पालन, डेरी, चारा उत्पादन इकाई एवं दुग्ध संस्करण इकाई का भ्रमण कर विस्तृत निरीक्षण किया एवं सभी इकाई प्रभारी को सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भृमण के उपरांत माननीय कुलपति महोदय ने महाविद्यालय की छात्र–छात्राओं के साथ बैठक ली एवं उसमें सभी प्रकार की शिकायतों के

निराकरण हेतु अधिष्ठाता महोदय को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया इसी क्रम में कुलपति महोदय ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ बैठक ली तथा निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुखों के पास कम से कम एक एक्सटर्नल फंडेड प्रोजेक्ट जरूर होना चाहिए।

कुलपति महोदय ने सभी विभाग प्रमुखों एवं इकाई प्रमुखों को अपने–अपने विभागों इकाइयों में इस समय की पाबंदी का ध्यान रखते हुए अनुशासन कायम रखना तथा विभाग प्रमुख नियमित तौर पर विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों की बैठक कर भविष्य की कार्य योजना बनाते हुए क्रियान्वित करें यदि सभी विभाग एवं इकाइयों में अपने–अपने उत्तरदायित्व को निश्चित रूप से निर्वहन करेंगे तो निश्चित रूप से महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देंगे इसके उपरांत कुलपति महोदय ने सभी गैर शैक्षणिक एवं दैनिक

वेतन भोगियों के साथ वार्तालाप कर उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए विश्वविद्यालय नियम अनुसार निराकरण का आश्वासन दिया। कुलपति जी ने महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को मिल जुल कर कार्य करने एवं महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के विकास में सहभागी बनने का आवाहन किया।

कुलपति जी द्वारा 16 अगस्त को कार्यभार ग्रहण किया तथा एक माह के भीतर ही उन्होंने विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी महाविद्यालय और प्रक्षेत्र का निरीक्षण कर प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं से रूबरू हुए।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर